सांवरिया के ठाठ निराले ऊँचे ऊँचे खटके भजन लिरिक्स

सांवरिया के ठाठ निराले,
ऊँचे ऊँचे खटके,
कही पे गीता ज्ञान बांटता,
कही फोड़ता मटकी,
तो पे वारी वारी जाऊं,
बलिहारी जाऊं कृष्णा,
वारी वारी जाऊं,
बलिहारी जाऊं कृष्णा।bd।

sanwariya ke thath nirale lyrics

तर्ज – कान में झुमका।

कही पे चिर बढ़ाए तू,
कही पे चिर चुराए तू,
कही दधि चोरी,
कही भात है भराए तू,
खीचड़ खाया कर्मा का,
धोया चरण सुदामा का,
गोपियों के पीछे भागा,
ले के पिचकारी तू,
रानी रुक्मणि को,
हर लाया वर लाया,
ले आया कृष्णा,
चोरी से भगा के तू,
देखा देखा रास भी देखा,
निचे वंशी वट के,
छोड़ के उनको मथुरा भागा,
देखा नहीं पलट के,
तो पे वारी वारी जाऊं,
बलिहारी जाऊं कृष्णा,
वारी वारी जाऊं,
बलिहारी जाऊं कृष्णा।bd।

लीला तेरी तू जाने,
वेद ग्रन्थ ना पहचाने,
मीरा के बने ठाकुर जी,
राधा के दीवाने हो,
गज के प्राण बचाते हो,
भक्तवत्सल कहलाते हो,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

रणछोड़ भी कहाते हो,
‘लहरी’ ना जाने,
क्या बखाने यही माने,
बड़ा ही चितचोर है कन्हैया तू,
तेरे द्वारे नाच रहे,
सब भक्त खड़े है डट के,
आजा फिर वो तान सुना दे,
दर्शन हो बेखटके,
Bhajan Diary Lyrics,
तो पे वारी वारी जाऊं,
बलिहारी जाऊं कृष्णा,
वारी वारी जाऊं,
बलिहारी जाऊं कृष्णा।bd।

सांवरिया के ठाठ निराले,
ऊँचे ऊँचे खटके,
कही पे गीता ज्ञान बांटता,
कही फोड़ता मटकी,
तो पे वारी वारी जाऊं,
बलिहारी जाऊं कृष्णा,
वारी वारी जाऊं,
बलिहारी जाऊं कृष्णा।bd।

Singer – Uma Lahari

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com